nt>

Title: Need to allocate funds for the development works of Mumbai.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, मुंबई शहर भारत की आर्थिक राजधानी है। मुंबई से बहुत सारा पैसा भारत सरकार को मिलता है, मगर उसके बदले में मुंबई शहर के डेवलपमेंट के लिए जितना पैसा मिलना चाहिए, उतना नहीं मिलता है। मुंबई शहर से आप भी चुन कर आए हैं और मैं भी वहां से चुन कर आया था। इसलिए मुंबई शहर के डेवलपमेंट के लिए मांग की गई है कि वहां के डेवलपमेंट के लिए 1150 करोड़ रुपए देने चाहिए, क्योंकि वहां बहुत से डेवलपमेंट के काम करने हैं।

इसलिए भारत सरकार से हमारी मांग है कि वहां के डेवलपमेंट के लिए 1150 करोड़ रुपए दें। इसी तरह ठाणे जिले में भारी वर्षा के कारण काफी नुकसान हुआ है, उसके लिए भी 300 करोड़ रुपए देने चाहिए। वहां बहुत से लोगों की जानें चली गई हैं। वहां किसानों को काफी नुकसान हुआ है और बहुत से मकान भी नट हो गए हैं, इसलिए उसके लिए भी भारत सरकार को 300 करोड़ रुपए देने चाहिए। महोदय, आप हमारा संदेश प्रधानमंत्री जी तक पहुंचाएं कि इतना पैसा इन शहरों को मिलना चाहिए।